भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.07.2024

## आरेडिका में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के चिकित्सालय में दिनांक 01.07.2024 को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर ग्लोब मेडीकेयर (ग्लोब हेल्थ केयर) लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्‌घाटन महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा द्वारा किया गया ।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. आशुतोष गुप्ता (गेस्ट्रोइंट्रोलाजिस्ट), डॉ.शाकिब अंसारी (न्यूरोसर्जन), डॉ. शुभम श्रीवास्तव (आर्थोपेडिक सर्जन ) एंव डॉ. शहीना तब्बसुम (स्त्री एंव प्रसूति रोग विशेषज्ञ) के द्वारा चिकित्सालय में आये 260 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 38 मरीजों का रक्त जांच एंव 03 मरीजों की ई.सी.जी भी की गई । चिकित्सक दिवस के मौके पर डॉ. दीपक कुमार शाही चर्म रोग विशेषज्ञ द्वारा प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों को चर्म रोग से संबंधित समस्याओं एवं उससे बचने के उपाय तथा डॉ. भूमिका सिंह आहार विशेषज्ञ द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी संतुलित आहार के बारे में विशेष व्याख्यान दिया गया ।

महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा द्वारा शिविर में आए चिकित्सकों को भेंट स्वरूप पौधे देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया । आरेडिका रायबरेली के अधिकारियों एंव कर्मचारियों ने उत्साह के साथ शिविर में भाग लेते हुए स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया ।

आरेडिका की पीसीएमओ श्रीमती आभा जैन ने ग्लोब मेडिकेयर लखनऊ से आए सभी डाक्टरों का धन्यवाद दिया और भविष्य में इस प्रकार के आयोजन के लिए आशावान्वित किया। इस अवसर पर आरेडिका के रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ तथा आरेडिका अस्पताल के डाक्टर एवं स्टाफ सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

01/7/2024
(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी